# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, सोमवार 3 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-66

## वर्ष 2022 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मिली मेजबानी

### भारत की बड़ी कामयाबी

नई दिल्ली (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत कोबड़ी कूटनीतिक कामयाबी मिली है। अब भारत 2022 में विश्व के 20 ताकतवर देशों के समूह जी-20 की मेजबानी करेगा। 2022 में भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने वाले हैं। मोदी सरकार ने 2022 में न्यू इंडिया का नारा भी दिया है। ऐसे में इस महत्वपूर्ण समूह की बैठक की मेजबानी मिलने को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है।



वर्ष 2022 में इटली को जी-20 सम्मेलन की मेजबानी करनी थी। इस समिट में बोलते हुए पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने इटली से गुजारिश की थी कि वह 2021 में इस सम्मेलन की मेजबानी करे ताकि 2022 का मौका भारत को मिले। पीएम मोदी ने कहा कि इटली समेत दूसरे देश भी इसपर राजी हो गए।

मोदी ने भारत को इसकी मेजबानी मिलने के बाद इसके लिए इटली का शुक्रिया अदा किया और जी-20 समूह के नेताओं को 2022 में भारत आने का न्यौता दिया। पीएम मोदी ने कहा कि मैं आभारी हूं और 2022 में दुनियाभर की लीडरशिप को भारत आने के लिए आमंत्रित करता हूं।

घोषणा के बाद उन्होंने ट्वीट किया, 'वर्ष 2022 में भारत की आजादी के 75 साल पूरे हो रहे हैं। उस विशेष वर्ष में, भारत जी-20 शिखर सम्मेलन में विश्व का स्वागत करने की आशा करता है। विश्व की सबसे तेजी से उभरती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत में आइए। भारत के समृद्ध इतिहास और विविधता को जानिए और भारत के गर्मजोशी भरे आतिथ्य का अनुभव लीजिए।'

जी-20 विश्व की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है। यह सम्मेलन इस बार अर्जेंटीना के ब्यूनो आयर्स में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद वापस दिल्ली लौट आए हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भूकंप के तेज़ झटकों से हिला अलास्का, टुकड़े-टुकड़े हो गई सड़क

वाशिंगटन (आरएनएस)। अलास्का के एंकरेज और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को भूकंप के कई झटके महसूस किए गए. भूकंप की वजह से सड़कों और इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है. कई सड़के पूरी तरह से बीच से टूट सी गई हैं और यातायात बाधित हो गया है. अलास्का के एंकरेज और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को भूकंप के कई झटके महसूस किए गए.

### द. अफ्रीका के राष्ट्रपति होंगे भारत में गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि

ब्यूनस आयर्स (आरएनएस)। अगले साल भारतीय गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर सिरिल से मुलाकात की और उन्हें अगले वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनने के लिए आमंत्रित किया। अगले वर्ष महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती भी है।

### साड़ी के पालने में फंसने से 14 साल की लड़की की मौत

बेल्लारी (आरएनएस)। कर्नाटक के बेल्लारी में गुरुवार को हुए एक अजीब हादसे में 14 साल की लड़की की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, यह लड़की साड़ी से बने एक पालने में फंस गई, जिससे उसका दम घुट गया। लड़की को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

### राम मंदिर निर्माण का ऐलान न हुआ तो 6 दिसंबर को आत्मदाह करूंगा: परमहंस

भदोही (आरएनएस)। भदोही के प्रमुख धार्मिक स्थल सीता समाहित स्थल सीतामढ़ी में छावनी के महंत परमहंस महाराज ने शनिवार को कहा है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की घोषणा 6 दिसंबर को नहीं हुई तो वह सीतामढ़ी की मिट्टी का लेप लगाने के बाद चिता पर बैठकर आत्मदाह कर लेंगे। संत ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी की राजनीति और आरएसएस एवं वीएचपी की कूटनीति की वजह से अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं हो रहा है।

### अन्ना हजारे का ऐलान, 30 जनवरी से आंदोलन

रालेगण सिद्धि (आरएनएस)। प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकपाल और लोकायुक्त की नियुक्ति करने में टालमटोल करने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी से आंदोलन करने का एलान किया है।

### ट्रेन में अब स्नैक्स में समोसा-कचौड़ी नहीं, पॉप कार्न और मखाना मिलेगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। अब आप ट्रेन में जाएं तो शायद आपको चाय के साथ समोसे और कचौड़ी की जगह पॉप कॉर्न का पैकेट मिले या फिर भुने हुए मखाने का पैकेट। दरअसल, रेलवे भी अब लोगों में स्वास्थ्य के प्रति आई जागरूकता को देखते हुए चाय के साथ स्नैक्स के रूप में ऐसी चीजें पेश करने जा रहा है, जो न सिर्फ हेल्थ के लिए अच्छी हों बल्कि पैकेट बंद हों और साफ सुथरी भी हों। रेलवे यह कोशिश कर रहा है कि स्नैक्स में जो भी बदलाव किया जाए, उसका लागत पर कोई असर न पड़े यानी मौजूदा लागत में ही यात्रियों को बेहतर स्नैक्स पेश किया जाए। अगर यह प्रयोग यात्रियों को पसंद आया तो आने वाले दिनों में ट्रेन यात्रियों को दिए जाने वाले भोजन में भी बदलाव किया जा सकता है।

## केंद्र ने पूर्व सैनिकों के लिए कोष गठित किया




नयी दिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पूर्व सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए केंद्र ने 'आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंड' (एएफएफडीएफ) का गठन कर दिया है। इस अभियान का उद्देश्य कोष के बारे में जागरूकता पैदा करना और लोगों को इसमें योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। बयान में कहा गया है कि कई कैशलेस प्रणालियां स्थापित की गई है और उन्हें उपलब्ध किया गया है। गौरतलब है कि देश में 30 लाख से अधिक पूर्व सैनिक हैं।

## कैश की कमी से जूझ रही महाराष्ट्र सरकार को शिरडी ट्रस्ट ने दिया 500 करोड़ का लोन



मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार कैश की कमी से जूझ रही है। ऐसे में उसे एक बड़ा सहारा मिला है। शिरडी के साईबाबा मंदिर ट्रस्ट ने सरकार को 500 करोड़ रुपये का इंट्रेस्ट फ्री लोन देने का फैसला किया है। यह रकम निलवंडे सिंचाई योजना को पूरा करने के लिए दी जाएगी ताकि अहमदनगर जिले की तहसीलों में पीने के पानी की समस्या हल हो सके।

आपको बता दें कि ट्रस्ट के चेयरपर्सन बीजेपी नेता सुरेश हवारे हैं, जिन्होंने राज्य सरकार द्वारा सिंचाई योजना के लिए लोन मांगने पर रजामंदी दे दी। खास बात यह है कि इससे पहले किसी सरकारी कॉर्पोरेशन को इतना बड़ा लोन बिना इंट्रेस्ट के नहीं दिया गया है।


यहां तक कि लोन की वापसी के लिए समयसीमा भी तय नहीं की गई है। इसी साल फरवरी में सीएम फडणवीस ने एक मीटिंग कर लोन के प्रस्ताव को पारित किया था और रकम जारी करने का निर्देश शनिवार को जारी कर दिया गया।

**अधिकारी ने कहा,यह स्पेशल केस**

एक सीनियर अधिकारी ने बताया है कि साईबाबा मंदिर ट्रस्ट और गोदावरी-मराठवाड़ा सिंचाई विकास कॉर्पोरेशन ने इसके लिए सहमति पत्र पर साइन किया है। उन्होंने बताया कि मंदिर के इतिहास में यह स्पेशल केस होगा। अधिकारी ने बताया कि यह प्रॉजेक्ट लंबे समय से अटका है। प्रॉजेक्ट की कुल कीमत करीब 1200 करोड़ है और ट्रस्ट 500 करोड़ रुपये देगा।

## फ्रांस में हो रहे प्रदर्शन के दौरान 110 घायल

पेरिस (आरएनएस)। फ्रांस में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी, महंगाई और कर वृद्धि को लेकर हो रहे प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में 110 लोग घायल हो गये हैं जिसमें 20 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। फ्रांस के गृह मंत्री क्रिस्टोफे केस्टनर ने शनिवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल की कीमतों में



बढ़ोतरी और कर को लेकर पिछले तीन सप्ताह से हो रहे राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में 110 लोग घायल हुए हैं। पीली जैकेट पहनकर किये जा रहे इन प्रदर्शनों में झड़प के दौरान 20 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

## अमेरिका-चीन के बीच एक जनवरी के बाद खत्म होगा व्यापार शुल्क

बीजिंग (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जैसे को तैसा व्यापार शुल्क को एक जनवरी के बाद हटा दिया जाएगा। चीनी मीडिया के मुताबिक, दोनों नेताओं ने ब्यूनस आयर्स में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक बैठक के बाद नयी टैरिफ नीति को हटाने का फैसला लिया।

## विमान ईंधन के 11 फीसदी सस्ते से कंपनियों को राहत

नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्तीय संकट से जूझ रही देश की विमानन सेवा प्रदाता कंपनियों को सरकार की तरफ से बड़ी राहत मिली है। तेल कंपनियों ने शनिवार को विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में लगभग 11 फीसदी कटौती की घोषणा की है। दिसंबर में दिल्ली और मुंबई में एक किलो-लीटर जेट फ्यूल की कीमत क्रमशः 68,050.97 रुपये और 67,979.58 रुपये हो गई है, जो पिछले महीने क्रमशः 76,380 रुपये और 76,013.2 रुपये पर थी।



जेट फ्यूल चूंकि ब्रेंट क्रूड से जुड़ा है, इसलिए उड्डयन मंत्रालय काफी लंबे वक्त से इसे जीएसटी के दायरे में लाने की मांग कर रहा है, ताकि विभिन्न राज्यों में इसपर लगने वाले अलग-अलग कर की दरों से राहत मिल सके। भारत में घरेलू उड़ानों के लिए जेट फ्यूल की कीमत दुनिया में सबसे ज्यादा है।

केंद्रीय मानन सचिव आर.एन. चौबे ने हाल में कहा, हमने केंद्रीय वित्त मंत्रालय से दो चीजों के लिए कहा है। पहला एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाया जाए और विदेशों में सेवा देने वाले भारतीय विमानन कंपनियों के विमानों को इनपुट टैक्स क्रेडिट दी जाए।

## मैं राहुल के कहने पर नहीं इमरान के बुलावे पर गया पाक


### बयान से पलटे नवजोत सिद्धू



नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू 24 घंटे में ही अपने बयान से पलट गए है। आज उन्होंने कहा है कि पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर वह पाकिस्तान के करतारपुर नहीं गए थे। सिद्धू ने शनिवार को ट्वीट कर कहा, गलत बयानी करने से पहले अपनी जानकारी ठीक कर लीजिए। राहुल गांधी जी ने मुझे कभी पाकिस्तान जाने के लिए नहीं कहा। पूरी दुनिया जानती है कि मैं प्रधानमंत्री इमरान खान के व्यक्तिगत आमंत्रण पर पाकिस्तान गया था। पंजाब की अमरिंदर सिंह सरकार में मंत्री सिद्धू ने शुक्रवार को हैदराबाद में कहा था मैं राहुल जी के कहने पर पाकिस्तान गया था। हैदराबाद में पत्रकारों के सवालों के दौरान उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह का मजाक भी उड़ाया और कहा, वह सेना के कैप्टन हैं। मेरे लिए कैप्टन राहुलजी हैं।

राहुल गांधी अमरिंदर सिंह के भी कैप्टन हैं। यह पूछने पर कि जब मुख्यमंत्री ने उन्हें करतारपुर नहीं जाने की सलाह दी थी तो वह क्यों गए, सिद्धू का कहना था कि कांग्रेस में हरीश रावत, रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा शशि थरूर जैसे कई नेता हैं जिन्होंने उनकी पाकिस्तान यात्रा को अच्छा बताया है। कैप्टन सिंह ने खुद पाकिस्तान का आमंत्रण यह कहते हुए ठुकरा दिया था कि आतंकवाद फैलाने वाले मुल्क का आमंत्रण वह स्वीकार नहीं कर सकते।

## युवती ने कश्मीरी युवक पर लगाया लव जिहाद का आरोप





जैसलमेर (आरएनएस)। आठ महीने पहले राजस्थान के बाड़मेर में कथित रूप से लव जिहाद का शिकार होने वाली लापता लड़की अपने घर लौट आई है। इस मामले में नया मोड़ उस वक्त आया जब पीड़ित ने बाड़मेर के एसपी से खुद और अपने परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। लड़की का आरोप है कि एक कश्मीरी युवक ने जबरदस्ती उसका धर्म परिवर्तन कराते हुए शादी की। पीड़ित का कहना है कि उसे जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बंधक बनाया गया था।

आरोपों के मुताबिक इस साल मार्च में एक कश्मीरी युवक ने बाड़मेर की एक हिंदू लड़की को लव जिहाद के जाल में फंसाया। लड़की का धर्म परिवर्तन कराने के बाद युवक ने उससे शादी कर ली। इसके बाद उसे कुपवाड़ा ले जाया गया। आतंकवाद प्रभावित कुपवाड़ा में लड़की की तलाश करने के लिए बाड़मेर की पुलिस तीन बार गई लेकिन उसे खाली हाथ लौटना पड़ा।

शुक्रवार को लड़की अचानक बाड़मेर पहुंची और उसने एसपी राहुल बारहट से मुलाकात की। लड़की ने बताया कि कुपवाड़ा में एक घर में उसे बंधक बनाने के बाद युवक ने उससे जबरन दस्तखत कराते हुए शादी कर ली। पीड़ित के मुताबिक उसे बयान देने के लिए मजबूर किया गया। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए लड़की ने अपनी और अपने परिवार की जान को खतरा बताया है। पीड़ित ने एसपी से सुरक्षा मुहैया कराए जाने की मांग की है। इस साल 16 मार्च को लड़की लापता हो गई थी। 21 मार्च को इस संबंध में केस दर्ज किया गया।

## सुनील अरोड़ा बने नए सीईसी

### 2019 लोस चुनाव की होगी जिम्मेदारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। 2019 लोकसभा चुनाव के लेकर चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने रविवार को देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पद ग्रहण कर लिया है। उन्होंने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत की जगह संभाली है जो 30 नवंबर को रिटायर हो गए थे।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 1980 बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस सुनील की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। बता दें कि तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में अशोक लवासा दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। इससे पहले विधि मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया था कि राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग में सबसे वरिष्ठ निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा को मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया है।

अरोड़ा आयोग की जिम्मेदारी ऐसे समय संभालने जा रहे हैं जब राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव चल रहे हैं। इन चुनावों को 2019 के लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल माना जा रहा है। राजस्थान में प्रशासनिक सेवा के दौरान विभिन्न जिलों में तैनाती के अलावा 62 वर्षीय अरोड़ा ने केन्द्र सरकार में सूचना एवं प्रसारण सचिव और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय में सचिव के रूप में कार्य किया है।

## आपकी गुगली में नहीं फंसेंगे

### विदेश मंत्री को सुषमा का करारा जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने बीते गुरुवार को कहा था कि पाक पीएम इमरान खान ने ऐसी गुगली फेंकी कि भारत सरकार को करतारपुर कॉरिडोर के शिलान्यास के लिए अपने मंत्री भेजने ही पड़े। कुरैशी के इस बयान पर भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने उन्हें करारा जवाब देते हुए कहा कि इमरान खान सरकार के गुगली बयान से साफ हो गया है कि उसके मन में सिखों की भावनाओं की भावनाओं के प्रति को आदर नहीं है।



पाक के विदेश मंत्री को आड़े हाथों लेते हुए सुषमा स्वराज ने ट्वीट किया, पाकिस्तान श्रीमान विदेश मंत्री आपकी गुगली वाली बात से कोई और नहीं बल्कि आप ही उजागर हो गए हैं। यह बताता है कि सिख भावनाओं के प्रति आपका कोई सम्मान नहीं है, आप केवल गुगली खेलते हैं।

उन्होंने आगे लिखा, मैं यह साफ कर देना चाहती हूं कि हम आपकी गुगली में नहीं फंसे। हमारे दो सिख मंत्री पवित्र गुरुद्वारे में करतार साहिब से प्रार्थना करने गए थे।

बता दें कि बुधवार को करतारपुर कॉरिडोर के शिलान्यास कार्यक्रम के लिए पाकिस्तान ने भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को भी न्यौता भेजा था, लेकिन सुषमा ने अन्य प्रतिबद्धताओं के चलते करतारपुर साहिब जाने से मना कर दिया था। इस कार्यक्रम में भारत की तरफ से मंत्री हरसिमरत कौर बादल और हरदीप सिंह पुरी शामिल हुए थे।

गौरतलब है कि इमरान सरकार के 100 दिन पूरे होने के मौके पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि करतारपुर इवेंट दरअसल, इमरान खान की गुगली थी।